1997. निम्नांकित में से वन रिपोर्ट 2017 के अनुसार राजस्थान के कौन-से जिले में द्वितीय सर्वाधिक वन क्षेत्र मिलता है?

(a) उदयपुर (b) अलवर
(c) बारां (d) प्रतापगढ़

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) वन रिपोर्ट 2017 के अनुसार, राजस्थान में द्वितीय सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला अलवर था। वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार, प्रदेश में सर्वाधिक वन क्षेत्र उदयपुर में एवं उसके बाद अलवर में है। न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला चुरु है। सर्वाधिक प्रतिशत एवं न्यूनतम प्रतिशत वन क्षेत्र वाला जिला क्रमशः उदयपुर एवं जोधपुर है।

1998. अरावली पहाड़ियों में सालर वृक्ष किस ऊँचाई पर मिलते हैं?

(a) 750 मीटर से अधिक (b) 450 मीटर से अधिक
(c) 750 मीटर से कम (d) 450 मीटर से कम

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) अरावली पहाड़ियों में सालर वनों का विस्तार 450 मीटर से अधिक ऊँचाई पर है। ये वन अलवर, उदयपुर, सिरोही, अजमेर, चित्तौड़गढ़, सीकर एवं जयपुर के पठारी पर्वतीय प्रदेशों में मिलते हैं।

1999. निम्नांकित में से कौन-सा पेड़ गोंद का अच्छा स्रोत है?

(a) सागवान (b) सालर
(c) तेन्दू (d) गुरजन

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) सालर वृक्ष गोंद का अच्छा स्रोत होता है। इसकी लकड़ी का उपयोग पैकिंग के डिब्बे बनाने में किया जाता है।

2000. अपनी प्रचुर उपस्थिति के आधार पर निम्न वनों एवं जिलों को दिए गये कूट की सहायता से सुमेलित कीजिएः

(i)	सालर वन	(a)	बांसवाड़ा
(ii)	ढाक वन	(b)	सिरोही
(iii)	सदाबहार वन	(c)	चित्तौड़गढ़
(iv)	शुष्क सागवान वन	(d)	अलवर

कूट :

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(a)	(d)	(c)	(b)	(a)
(b)	(c)	(b)	(a)	(d)
(c)	(b)	(c)	(a)	(d)
(d)	(a)	(d)	(b)	(c)

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) सही सुमेलन इस प्रकार है-

सालर वन	-	अलवर
ढाक वन	-	चित्तौड़गढ़
सदाबहार वन	-	सिरोही
शुष्क सागवान वन	-	बांसवाड़ा

2001. राजस्थान में अधिकतम प्रशासनिक वनक्षेत्र निम्नलिखित श्रेणियों में से किससे सम्बन्धित है?

(a) अवर्गीकृत (b) आरक्षित
(c) संरक्षित (d) वर्जित

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (c) वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान के कुल 9.60 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र पर वन स्थिति हैं। राजस्थान में अधिकतम प्रशासनिक वन क्षेत्र संरक्षित वनों का है जो कुल वन क्षेत्र का 56.4 प्रतिशत है।

2002. राजस्थान की निम्न में से किस देशी रियासत ने सर्वप्रथम वन संरक्षण की योजना लागू की?

(a) मारवाड़ (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) कोटा

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (c) राजस्थान में जोधपुर की रियासत ने 1910 ई. में सर्वप्रथम वन संरक्षण संबंधी कानून बनाया था। इसके पश्चात् 1935 ई. में अलवर रियासत द्वारा भी वन संरक्षण कानून लागू किया गया था। स्वतंत्रता के बाद राजस्थान सरकार द्वारा 1953 में वन अधिनियम पारित किया गया था।

2003. निम्नांकित में से कौन-से वन राजस्थान में सर्वाधिक क्षेत्रफल में फैले हुए हैं?

(a) उष्ण-कटिबन्धीय पतझड़
(b) मिश्रित पतझड़
(c) उपोष्ण-कटिबन्धीय सदाबहार
(d) शुष्क सागवान

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) उष्णकटिबन्धीय पतझड़ वन राजस्थान के सर्वाधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यह वन पूरी अरावली पर्वत माला के पूर्व दिशा में फैले हुए हैं। ये वन उदयपुर, प्रतापगढ़,डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, झालावाड़ा, बारां, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर आदि जनपदों में फैला हुआ है।

2004. राजस्थान में 50 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र श्रेणी में है-

(a) सुरक्षित वन की (b) आरक्षित वन की
(c) ग्राम वन की (d) अवर्गीकृत वन की

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान में 50% से अधिक वन क्षेत्र श्रेणी को सुरक्षित वन श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। राजस्थान में सुरक्षित वन क्षेत्र 18564.45 वर्ग कि.मी. है जो कुल वनों का 560.8 प्रतिशत है। इन वनों की देखभाल सरकार द्वारा की जाती है। लेकिन स्थानीय लोगों को बिना नुकसान पहुंचाएं ईधन की लकड़ी एवं मवेशियों को चराने की अनुमति है।

2005. वैधानिक स्थिति 31 मार्च, 2011) के आधार पर राजस्थान के वनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए-

1. राजस्थान के कुल वन क्षेत्र में आरक्षित एवं संरक्षित वनों का क्षेत्र क्रमशः 55.84 व 37.94 प्रतिशत है।
2. राज्य में सबसे अधिक आरक्षित वन उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिलों में पाए जाते हैं।
3. राज्य में सबसे अधिक संरक्षित वन बारां व करौली जिलों में पाए जाते हैं
4. राज्य में सबसे अधिक अवर्गीकृत वन बीकानेर व गंगानगर जिलों में पाए जाते हैं।

कूट :

(a) 1, 2 और 4 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016